बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 157 ● नई दिल्ली ● सोमवार 06 अप्रैल 2026 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4

रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन

बी-2/370, सुल्तानपुरी

दिल्ली-86

### दिल्ली के कई इलाकों में अगले 2 दिन नहीं आएगा पानी, जल बोर्ड ने बताई वजह

नई दिल्ली। भूमिगत जलाशय और बूस्टर पंपिंग स्टेशन के वार्षिक फ्लशिंग कार्यक्रम के कारण 6 और 7 अप्रैल को रोहिणी, सुल्तानपुरी, मंगोलपुरी एवं कराला गांव के आसपास के क्षेत्रों में जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। टैंकर की सुविधा उपलब्ध रहेगी। लोग आवश्यकता अनुसार टैंकर से पानी मंगवा सकते है। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के अनुसार 6 अप्रैल को सुल्तानपुरी क्षेत्र, मंगोलपुरी, रोहिणी सेक्टर-2 पॉकेट-4, फीलिंग पाइंट एवं कराला गांव और आसपास के इलाकों में पानी आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं, 7 अप्रैल को सुल्तानपुरी क्षेत्र, रोहिणी सेक्टर-3 पॉकेट-ए-1, सेक्टर-3 पॉकेट-बी 10, सेक्टर-3 पॉकेट-सी 12, सेक्टर-3 पॉकेट-एफ 23, फीलिंग पाइंट एवं कराला गांव के आसपास जल आपूर्ति बाधित होगी।

## लोकसभा-विधानसभा सीटों की बढ़ोतरी पर रार : केवल ध्यान भटकाने की चाल; कांग्रेस ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

नई दिल्ली । कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव पर तीखा हमला बोला है। पार्टी का कहना है कि यह कदम बड़े और अधिक आबादी वाले रायों को लाभ पहुंचाएगा और यह कुछ और नहीं बल्कि जनता का ध्यान भटकाने का एक हथियार है। विपक्षी दल ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री देश की जनता को धोखा दे रहे हैं और भ्रामक बयान दे रहे हैं।

**जनता का ध्यान भटकाने की चाल**

कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा प्रधानमंत्री अपने पुराने पैंतरे पर है, भ्रामक बयान दे रहे हैं जिनका मकसद धोखा देना है। वह कहते हैं कि यदि लोकसभा की ताकत 50त्र बढ़ाई जाती है और प्रत्येक राय की लोकसभा सीटों की संख्या भी 50त्र बढ़ाई जाती है, तो दक्षिण भारतीय रायों को कोई नुकसान नहीं होगा। रमेश ने आगे कहा यह देश की जनता को धोखा देना है, जिसमें प्रधानमंत्री को महारत हासिल है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश और केरल के बीच लोकसभा सीटों का अंतर अभी 60 है, जो मोदी के प्रस्ताव से बढ़कर 90 हो जाएगा। इसी तरह, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के बीच का अंतर 41 से बढ़कर कम से कम 61 हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा श्रीमान मोदी एक ऐसे प्रस्ताव को जबरन आगे बढ़ा रहे हैं जो बड़े और अधिक आबादी वाले रायों को अधिक लाभ पहुंचाएगा, क्योंकि उनकी पहले से ही बड़ी संख्या और बढ़ जाएगी। उन्होंने तर्क दिया कि इसका असर सिर्फ



दक्षिण भारत पर ही नहीं पड़ेगा, बल्कि पंजाब, हरियाणा और उत्तर-पूर्व के रायों का भी सापेक्ष प्रभाव कम होगा। जयराम रमेश ने कहा राष्ट्र गंभीर आर्थिक और विदेश नीति संकट का सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री की एकमात्र चिंता लोकसभा और विधानसभाओं की ताकत बढ़ाने की है, वह भी बिना किसी सार्थक परामर्श और व्यापक सार्वजनिक बहस के। यह जनता का ध्यान भटकाने का एक हथियार है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में एक चुनावी रैली में कहा था कि बजट सत्र को तीन दिनों के लिए बढ़ाया गया है ताकि 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को 2029 से लागू किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया था कि लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव से किसी भी राय, चाहे वह केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा या तेलंगाना हो, में लोकसभा सीटों की संख्या में कमी नहीं आएगी। प्रधानमंत्री ने बताया कि 2023 में पारित कानून के तहत लोकसभा और राय विधानसभाओं में महिलाओं को 33त्र आरक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस कानून के लाभ 2029 के लोकसभा चुनावों से शुरू हो सकें और 33फीसदी महिलाएं संसद में बैठ सकें, इसके लिए अतिरिक्त कानूनी प्रावधानों की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से इस मुद्दे का समर्थन करने का आग्रह किया है, क्योंकि यह महिला सशक्तिकरण से जुड़ा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कांग्रेस भी इस पर सहमति जताएगी।

**राजनीतिक लाभ के लिए जल्दबाजी**

कांग्रेस ने सरकार पर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु चुनावों में राजनीतिक लाभ उठाने के लिए महिला आरक्षण कानून और परिसीमन से संबंधित विधेयकों को पारित कराने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आरोप लगाया है। पार्टी का दावा है कि यह आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। कांग्रेस ने परिसीमन अभ्यास में जल्दबाजी के गंभीर परिणाम होने की चेतावनी दी है। पार्टी ने कहा है कि वे वर्तमान अंतर और सापेक्ष शक्ति में किसी भी तरह का व्यवधान नहीं चाहते हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 पारित होने के 30 महीने बाद तक सोती रही और अब चुनाव के मौसम में दोहरा श्रेय लेना चाहती है।

## आप के लिए राघव चड्ढा का नया वीडियो- यह छोटा सा ट्रेलर, पिक्चर अभी बाकी है; बोले- पंजाब मेरा घर है






नई दिल्ली । राज्यसभा में आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा उपनेता पद से हटाए जाने के बाद राघव चड्ढा और पार्टी के नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। आरोपों के जवाब राघव चड्ढा सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर दे रहे हैं। रविवार को एक बार फिर राघव चड्ढा ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह पंजाब के मुद्दों को सदन में उठाते हुए नजर आ रहे हैं। राघव चड्ढा ने एक्स पर वीडियो साझा करते हुए लिखा है कि, आम आदमी पार्टी (आप) के मेरे उन साथियों के लिए, जिन्हें यह कहते हुए वीडियो जारी करने पर मजबूर होना पड़ा कि राघव चड्ढा संसद में पंजाब के मुद्दों को उठाने में विफल रहे, यह एक छोटा सा ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है। पंजाब मेरे लिए सिर्फ चर्चा का विषय नहीं है। यह मेरा घर है, मेरा कर्तव्य है, मेरी मिट्टी है, मेरी आत्मा है। राघव चड्ढा ने शनिवार को अपनी पार्टी की ओर से लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें झूठा और सुनियोजित अभियान का हिस्सा बताया। आप सांसद ने कहा कि वह संसद में आम आदमी से जुड़े मुद्दे उठाने जाता हूं, हंगामा करने और माइक तोड़ने नहीं। एक वीडियो संदेश में चड्ढा ने कहा, मैंने कभी विपक्ष के वॉकआउट में हिस्सा लेने से इन्कार नहीं किया और इस तरह के आरोप सफेद झूठ हैं। मैं आलोचकों को चुनौती देता हूं कि वे एक भी ऐसा उदाहरण बताएं जब मैंने विपक्ष के वॉकआउट में भाग नहीं लिया हो। संसद की पूरी कार्यवाही सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड होती है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से जुड़े महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं करने के आरोप पर चड्ढा ने कहा, पार्टी के किसी नेता ने मुझसे इस बारे में न तो औपचारिक और न ही अनौपचारिक रूप से संपर्क किया। मेरा ध्यान संसद में जीएसटी, आयकर, दिल्ली का प्रदूषण, पंजाब का पानी संकट, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल यात्रियों की समस्याएं, मासिक धर्म स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महंगाई जैसे जनहित के मुद्दे उठाने पर रहा है। मैं संसद में आम आदमी के मुद्दे उठाने जाता हूं, हंगामा करने और माइक तोड़ने नहीं।

## यमुना पर नया लोहा पुल तैयार, अब बाढ़ में भी नहीं रुकेगी ट्रेनों की रफ्तार

नई दिल्ली । दिल्ली में यमुना नदी पर बने ऐतिहासिक लोहे के पुल की जगह अब एक आधुनिक और ऊंचा पुल तैयार हो चुका है, जिससे रेल संचालन में बड़ी राहत मिलने वाली है. नए पुल के चालू होने के साथ ही यात्रियों को न सिर्फ सुरक्षित सफर मिलेगा बल्कि ट्रेनों की गति भी पहले से तेज होगी. उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक राजेश कुमार पांडे के अनुसार नया पुल पुराने पुल की तुलना में 4.5 मीटर ऊंचा बनाया गया है. यही वजह है कि यमुना का जलस्तर बढ़ने पर भी अब इस पुल से ट्रेनों का संचालन प्रभावित नहीं होगा. पहले हर साल बाढ़ के दौरान रेल सेवा बाधित होने का खतरा बना रहता था, जो अब पूरी तरह खत्म हो गया है. करीब 150 साल पुराने लोहे के पुल की संरचना समय के साथ कमजोर हो चुकी थी. जलस्तर बढ़ते ही सुरक्षा के लिहाज से इस पर ट्रेनों का संचालन रोकना पड़ता था. इतना ही नहीं, पुल की हालत को देखते हुए ट्रेनों को बेहद धीमी गति से गुजरना पड़ता था, जिससे यात्रियों को असुविधा होती थी और समय भी अधिक लगता था. दिल्ली और शाहदरा के बीच यमुना पर बना यह ऐतिहासिक 'लोहा पुल' अब सेवा से बाहर हो चुका है. कभी यह पुल उत्तर और पूर्व भारत को जोड़ने वाली सबसे महत्वपूर्ण रेल कड़ी हुआ करता था. लाखों यात्रियों और भारी माल ढुलाई का भार उठाते-उठाते इसकी क्षमता कमजोर पड़ गई, जिसके बाद इसे बंद करने का फैसला लिया गया. 1866-67 में करीब 3,500 टन रॉट आयरन से तैयार यह पुल उस दौर



की इंजीनियरिंग का शानदार नमूना था. लगभग 1000 फीट लंबे इस पुल पर 1867 में पहली बार भाप इंजन ट्रेन चली थी, जिससे दिल्ली सीधे कोलकाता से जुड़ गया था. इसके बाद व्यापार, डाक व्यवस्था और सैन्य आवाजाही में क्रांतिकारी बदलाव आया था. इस पुल की डिजाइन भी बेहद खास थी. इसके ऊपरी हिस्से में रेलवे ट्रैक बिछे थे, जबकि निचले हिस्से का इस्तेमाल सड़क और पैदल मार्ग के रूप में किया जाता था. 1857 के बाद दिल्ली के पुनर्निर्माण और विस्तार में इस पुल की अहम भूमिका रही और यह आम लोगों के लिए यमुना पार करने का सबसे भरोसेमंद साधन बना रहा. नया पुल न केवल तकनीकी रूप से मजबूत है बल्कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. इससे रेल यातायात अधिक सुरक्षित, तेज और निर्बाध होगा, जो आने वाले समय में यात्रियों और माल परिवहन दोनों के लिए बड़ी राहत साबित होगा.

## सीएम रेखा गुप्ता ने शुरू की सक्षम यात्रा, स्टार्टअप्स को मिलेगा वित्तीय सहयोग और मेंटरशिप

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार, 5 अप्रैल 2026 को राजधानी से सक्षम यात्रा 2026 का आधिकारिक शुभारंभ किया। इस विशेष पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर पर उभर रहे नए विचारों को पहचान देना और स्थानीय नवाचार को बढ़ावा देना है। झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना करते समय मुख्यमंत्री ने युवाओं और नवोन्मेषकों का उत्साहवर्धन किया।

**स्थानीय विचारों के लिए एक वैश्विक मंच**

संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सक्षम यात्रा का मुख्य केंद्र दिल्ली है, लेकिन इसका प्रभाव पूरे क्षेत्र पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा स्थानीय प्रतिभाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करेगी जहाँ उनके विचारों को न केवल सुना जाएगा, बल्कि उन्हें फलने-फूलने के लिए आवश्यक



सहयोग और मार्गदर्शन भी मिलेगा। मुख्यमंत्री के अनुसार, यह पहल छोटे शहरों और समुदायों से निकलने वाले मौलिक विचारों को वास्तविक और बड़े प्रभाव में बदलने का काम करेगी।

**समाधान और क्रियान्वयन के बीच की दूरी होगी कम**

गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि अक्सर बेहतरीन नवाचार केवल इसलिए दम तोड़ देते हैं क्योंकि उनके पास सही मंच या क्रियान्वयन की योजना नहीं होती। उन्होंने कहा, ÷सक्षम यात्रा जैसी पहल नवाचार और उसके जमीनी स्तर पर लागू होने के बीच की खाई को पाटने का काम करती हैं।÷ यह यात्रा समुदाय-आधारित समाधानों को मुख्यधारा में लाने में सहायक सिद्ध होगी।

**समावेशी विकास की ओर कदम**

बता दें कि यह यात्रा दिल्ली से शुरू होकर उत्तर भारत के विभिन्न शहरों जैसे अयोध्या, लखनऊ, मथुरा, आगरा और जयपुर से होते हुए वापस दिल्ली लौटेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ शिक्षाविद् अजय गुप्ता और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। इस पूरी यात्रा का उद्देश्य उन स्टार्टअप्स और नवाचारों को कामयाब ग्रांट्स जैसे कार्यक्रमों के जरिए मेंटरशिप और वित्तीय सहायता प्रदान करना है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं।

## दिल्ली के सीमापुरी में 15 साल की नाबालिग लड़की पर चाकू से हमला, इलाज के दौरान मौत

नई दिल्ली । दिल्ली के सीमापुरी इलाके से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है. 24 साल के युवक ने 15 साल की नाबालिग लड़की पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया. रविवार (5 अप्रैल) को इलाज के दौरान नाबालिग की मौत हो गई. राजधानी में अपराध के मामले लगातार बढ़ते नजर आ रहे हैं. ताजा मामला सीमापुरी थाना क्षेत्र का है, जहां 24 वर्षीय जतिन ने 15 साल की नाबालिग लड़की पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया. घटना शाम करीब सवा पांच बजे की बताई जा रही है, जो पीड़िता के घर से लगभग 300 मीटर की दूरी पर हुई. मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक इस वारदात में कुछ और युवकों के शामिल होने की भी आशंका है. घायल नाबालिग ने हिम्मत दिखाते हुए खुद अपनी मां को फोन कर हमले की जानकारी दी, जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया. बताया जा रहा है कि नाबालिग ने हाल ही में 28 मार्च को अपना 15वां जन्मदिन मनाया था और 10वीं की परीक्षाएं भी दी थीं, लेकिन जिंदगी की शुरुआत ही उसके लिए आखिरी साबित हुई. रविवार (5 अप्रैल) सुबह करीब 5 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.वहीं, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जतिन के नई सीमापुरी के सी-ब्लॉक स्थित घर में सिलेंडर फटने से आग लग गई थी. इस घटना में उसकी मौत हो गई. उसका भाई आकाश जब मौके पर पहुंचा तो वह बुरी तरह झुलसा हुआ मिला था. जतिन ऑनलाइन डिलीवरी का काम करता था और पिता के निधन के बाद अपनी मां के साथ रह रहा था. फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है. साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस हमले के पीछे असली वजह क्या थी और क्या इसमें कोई और भी शामिल था.

# विश्वसनीयता का पैमाना हैं अखबारों की खबरें - सूर्यप्रताप शाही








कुशीनगर ।

प्रदेश सरकार के कृषि एवं कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि बदलते समय में पत्रकारिता के स्वरूप में व्यापक परिवर्तन हुए हैं और डिजिटल युग के आगमन के साथ नई चुनौतियां भी सामने आई है। इसके बावजूद आज भी अखबारों की खबरों को विश्वसनीयता का प्रमुख पैमाना माना जाता है। उन्होंने पत्रकारों से अपेक्षा की कि समाचारों को सनसनीखेज बनाने के बजाय तथ्यपरक एवं जिम्मेदार पत्रकारिता को प्राथमिकता दें। शाही पडरौना स्थित एक निजी होटल में आयोजित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रांतीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण कार्य है। इतिहास में पं. मदन मोहन मालवीय एवं रामनाथ गोयनका जैसे पत्रकारिता के पुरोधाओं ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया, जिससे पत्रकारिता की विश्वसनीयता बनी रही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण

### पूर्ण सत्य का उद्घाटन पत्रकारों का दायित्व-शशांक मणि चुनौतीपूर्ण है ग्रामीण क्षेत्रों की पत्रकारिता-विजय दुबे

पत्रकारों की समस्याओं एवं चुनौतियों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराते हुए उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों से अपील की कि निजी वार्तालाप को समाचार का हिस्सा बनाकर किसी की निजता का उल्लंघन न किया जाए। देवरिया सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकारों का दायित्व है कि वे अर्धसत्य से बचते हुए पूर्ण सत्य को समाज के सामने प्रस्तुत करें तथा सकारात्मक अभियानों में भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। कुशीनगर सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारिता करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य है तथा ग्रामीण पत्रकारों के हितों एवं संघर्षों में उनका निरंतर सहयोग रहेगा। कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) राजेश्वर सिंह, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फूल बदन कुशवाहा, विधायक हाटा मोहन वर्मा, विधायक सदर मनीष जायसवाल, विधायक खड्डा विवेकानंद पांडेय, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड, भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं वक्ताओं ने भी संबोधित किया। सम्मेलन के संयोजक एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार उपाध्याय ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। इस अवसर पर संगठन की ओर से मुख्य अतिथि को सात सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन यूएन इंटर कॉलेज के प्रवक्ता अनूप कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम में महेंद्र नाथ सिंह, कैप्टन वीरेंद्र सिंह, ओम प्रकाश द्विवेदी, मारकंडे शाही, विंध्यवासिनी श्रीवास्तव, डॉ अरुण कुमार गौतम, शैलेंद्र शुक्ला, डॉ वैभव योति श्रीवास्तव, कृष्ण मोहन पांडे, फरेंद्र पांडे, हरिशंकर चौबे, संजय पांडे, नत्थू शर्मा, अजीत यादव, प्रभु नंद उपाध्याय सहित अनेक पदाधिकारी, पत्रकार और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दो मंजिला मकान से गिरकर मजदूर की दर्दनाक मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़



### पत्नी की पहले ही हो चुकी थी मौत, दो मासूम बचों के सिर से उठा पिता का साया

भटनी देवरिया।

भटनी क्षेत्र के बभनौली गांव निवासी एक मजदूर की काम के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जितेंद्र यादव सकरापार गांव में जगन्नाथ तिवारी के यहां मजदूरी का काम कर रहे थे। इसी दौरान दो मंजिला मकान पर काम करते समय अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गए। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक जितेंद्र यादव के परिवार पर पहले से ही दुखों का पहाड़ टूटा हुआ था। उनकी पत्नी का कुछ दिन पहले ही निधन हो चुका था। उनके पीछे 14 वर्ष और 12 वर्ष के दो मासूम बच्चे हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया। जितेंद्र तीन भाइयों में एक थे।घटना की खबर मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना के बाद सूचना मिलते ही मृतक मजदूर के घर पुलिस ने पहुँच कर घटना के सम्बंध में जानकारी ली।

# किशोरी की निर्मम हत्या, चाकू से गोदकर गला रेता, पुलिस ने पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया

देवरिया।

जनपद के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र अंतर्गत नौतन हथियागढ़ गांव में शनिवार की रात एक 16 वर्षीय किशोरी की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया। पुलिस ने रात में ही पांच संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। गांव की रहने वाली अंजली (16) पुत्री मलका प्रसाद शनिवार रात करीब आठ बजे अपनी बड़ी बहन गुड़िया और छोटे भाई अनीश के साथ सहोदर पट्टी चौराहा पर मोबाइल ठीक कराने जा रही थी। चौराहे से कुछ दूर पहले ही बाइक सवार तीन युवकों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने तीनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक



युवक ने चाकू निकाल लिया, जिसे देखकर तीनों जान बचाने के लिए भागने लगे। आरोपियों ने उनका पीछा करते हुए गेहूं के खेत में अंजली को पकड़ लिया। पहले पीछे से गर्दन पर दो चाकू मारकर उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। वह खेत में गिरकर तड़पने लगी। इसके बाद भी आरोपी नहीं रुके। अंजली को जीवित देखकर वे दोबारा लौटे और उसका गला

### किशोरी अपनी बहन व भाई के साथ मोबाइल ठीक कराने जा रही थी, रास्ते में बाइक सवार तीन युवकों ने रोका

रेतकर निर्मम हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या के पीछे कुछ माह पहले गांव के एक परिवार से हुए मारपीट और पुरानी रंजिश होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और रात लगभग दो बजे गांव सहित आसपास के इलाकों से पांच संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है। फिलहाल पुलिस ने इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

## जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर शिक्षकों का धरना 10 अप्रैल को

कुशीनगर । उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की 29 मार्च 2026 को लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रांतीय एवं मंडलीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पूर्व एमएलसी चेतनारायण सिंह, संरक्षक एमएलसी राजबहादुर सिंह चंदेल तथा महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मंडलीय एवं जनपदीय स्तर पर शिक्षकों के लंबित प्रकरणों के निस्तारण न होने पर चिंता व्यक्त की गई। निर्णय लिया गया कि 10 अप्रैल 2026 को दोपहर 12:00 बजे से 4:00 बजे तक संगठन पदाधिकारी एवं शिक्षक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान समस्याओं के समाधान के संबंध में ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। जनपद के सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं से अपील की गई है कि वे समय से धरना स्थल पर पहुंचकर अपनी मांगों के समर्थन में सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण हो सके। यह जानकारी जिला अध्यक्ष अशोक कुमार चौरसिया एवं जिला मंत्री जितेंद्र मणि त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दी।

# रील बनाने की सनक...जान जोखिम में डालकर वीडियो शूट करता दिखा बुजुर्ग



### वीडियो वायरल होते ही शुरू बुजुर्ग की शुरू हुई आलोचना

महराजगंज।

जिले में इन दिनों युवाओं के साथ ही बुजुर्गों पर भी वायरल होने का जुनून सवार है। क्योंकि वह सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए किसी भी हद से गुजरने के लिए तैयार है। इसके लिए इन्हें जान ही जोखिम में क्यों न डालनी पड़े। रील बनाने के दौरान हादसे के कई मामले भी सामने आ चुके है। लेकिन उसके बाद भी रील बनाने वाले युवाओं के साथ बुजुर्गों की आँखें नहीं खुल रही हैं। यही कारण है कि वो बगैर किसी परिणाम सोचे ही खतरनाक स्टंट कर सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर रहे है। हालांकि इस वायरल वीडियो को ख्वाजा एक्सप्रेस पुष्टि नहीं कर रहा है। दरअसल सोशल मीडिया पर यह वायरल वीडियो महराजगंज जिले के कोल्हुई थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। इस वायरल वीडियो में एक बाइक पर बुजुर्ग खतरनाक स्टंट करता दिख रहा है। वह बाइक की दोनों हैंडल को छोड़ चला रहा है। इतना ही नहीं वह बाइक पर खड़ा होकर चश्मा लगाते निकालते दिख रखा है। बुजुर्ग की खतरनाक स्टंट को देख लोग कमेंट भी कर रहे है। इस वीडियो के वायरल होते ही लोगों की गुस्सा फूटा पड़ा। उन लोगों ने सोशल मीडिया के लिए इस तरह का स्टंटबाजी पर नाराजगी जाहिर कर रहे है। इसके साथ ही सड़क पर ऐसा करने वाले शख्स को चिन्हित कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। वीडियो पर कमेंट करते हुए एक शख्स ने लिखा है कि सड़क पर यातायात नियमों का उलंघन करने के साथ ही जिंदगी के साथ खिलवाड़ करते हुए रील बनाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

वही एक दूसरे शख्स ने कमेंट में लिखा है कि अगर स्टंट करने में इतना अच्छा है, तो कोई प्राइवेट जगह खरीद लेनी चाहिए। सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर खतरनाक स्टंट करने वाले के खिलाफ पुलिस को सख्ती करना चाहिए। वही पुलिस सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई करने के लिए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# पीएलवी रामाश्रय पांडेय की पहल से साथ रहने पर सहमत हुए पति-पत्नी

### - मध्यस्थता से दूर हुआ मनमुटाव, दोनों पक्षों ने रजामंदी जताई -वपुलिस व विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल से परिवार में लौटी खुशियां

पटहेरवा कुशीनगर ।

मनमुटाव के चलते अलग रह रहे दंपती को एक बार फिर साथ लाने में पैरा लीगल वालेंटियर एडवोकेट रामाश्रय पांडेय की मध्यस्थता निर्णायक साबित हुई। दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से चल रहा मनमुटाव सुलझ गया व आपसी सहमति से साथ रहने का निर्णय लिया गया। छहूं निवासी मोतीलाल की पुत्री पार्वती का विवाह कसया थाना क्षेत्र के सपहा निवासी मुकेश के साथ हुआ था। कुछ समय बाद आपसी मतभेद बढ़ने पर पार्वती अपने मायके में रहने लगी थी। इस बीच मुकेश ने मामले को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद समाधान की प्रक्रिया शुरू हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पैरा लीगल वालेंटियर रामाश्रय पांडेय ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर बातचीत कराई। समझाने व कानूनी पहलुओं की जानकारी देने के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी व दंपती ने पुनः साथ रहने का निर्णय लिया। एडवोकेट रामाश्रय पांडेय ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य ऐसे पारिवारिक विवादों को आपसी सहमति से सुलझाना है, जिससे न्यायालयों पर भार कम हो व परिवारों में सौहार्द बना रहे। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि इस प्रकार के मामलों में पुलिस का प्रयास रहता है कि पहले आपसी सुलह से समाधान कराया जाए, ताकि परिवार टूटने से बच सकें व समाज में सकारात्मक संदेश जाए। इस दौरान एसआई संतोष कुमार, विनायक यादव, अंकित, हेड कांस्टेबिल श्यामजनम यादव, बीपीओ जितेंद्र कुमार, प्रदीप मौर्य, महिला कांस्टेबिल ममता आदि मौजूद रहे।

